
सुविधाएं नदारद

मवई स्वास्थ्य केंद्र बना रेफर सेंटर, शव रखने के लिए फ्रीजर तक नहीं

# मवई में स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल, महिला डॉक्टर भी नहीं



सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अस्पताल में शव रखने के लिए फ्रीजर तक नहीं है, जिससे गर्मी के मौसम में शव जल्दी खराब होने का खतरा बना रहता है।

**मवई 13 अक्टूबर नभाप्र.** जिले के मवई विकासखंड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से कोसों दूर है। यह स्थिति तब है जब सरकार हर गांव तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का दावा करती है। अस्पताल में वर्षों से महिला डॉक्टर का पद खाली है, शव रखने के लिए फ्रीजर नहीं है, और पोस्टमार्टम के लिए भी स्थायी कर्मी नहीं है, जिसके कारण आम नागरिक गंभीर मानसिक और शारीरिक कष्ट झेलने को मजबूर हैं। जानकारी अनुसार मवई स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर का पद कई सालों से खाली पड़ा है। इस लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र की महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। छोटी-छोटी तकलीफों के लिए भी महिलाओं को 100 किलोमीटर दूर मंडला की यात्रा करनी पड़ती है। आर्थिक रूप से कमजोर कई महिलाएं मजबूरी में घरेलू उपायों पर निर्भर हैं। जिसके कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। बताया गया कि मवई की स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे दुखद पहलू यह है कि किसी आकस्मिक मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम के लिए बिछिया से सफाई कर्मी को बुलाना पड़ता है, जो 50-60 किलोमीटर दूर है। अगर वह उपलब्ध नहीं होता है, तो परिजन को मृत शरीर के साथ 1 से 2 दिन तक इंतजार करना पड़ता है।

### क्षेत्रवासियों की मुख्य मांग

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से तत्काल मांगों को पूरा करने की अपील की है। मांगों में मवई में महिला डॉक्टर की तत्काल पदस्थापना की जाए, पोस्टमार्टम के लिए स्थायी स्वीपर की व्यवस्था हो, शव रखने के लिए फ्रीजर लगाया जाए। सरकारी एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध कराने की मांग की है।

### संदिग्ध मौत, इलाज पर उठे गंभीर सवाल

हाल ही में रमतीला निवासी श्याम बाई पट्टा की बीपी बढ़ने से संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज देने की बजाय सीधे मंडला रेफर कर दिया गया। यह सवाल उठाता है कि क्या स्थानीय स्तर पर कोई जीवन रक्षक सुविधा उपलब्ध नहीं थी, रेफर क्यों किया गया? और सबसे गंभीर बात यह है कि इस मौत का पोस्टमार्टम तक नहीं हुआ। बताया गया कि श्याम बाई आदिवासी थीं और उनके छोटे-छोटे बच्चे अब बेसहारा हो गए हैं। यह घटना मवई की बेहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है।

## एक्सपायरी दवाइयां जब्त, मेडिकल स्टोर सील



**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** ग्राम हिरदेनगर स्थित योगेश मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण राजस्व विभाग एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में एक्सपायरी डेट की दवाइयाँ पाई गई। प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई करते हुए एक्सपायरी दवाओं को जब्त कर मेडिकल स्टोर को सील किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री रामसिंह उलाड़ी एवं बीएमओ श्री उईके उपस्थित थे।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और प्री-स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण

**मंडला** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और प्री-स्कूल शिक्षकों का संयुक्त प्रशिक्षण एवं प्री-स्कूल, प्राथमिक विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों के संयुक्त कार्यक्रम खेल दिवस, वार्षिक दिवस आदि का जिले एवं परियोजना स्तर पर आयोजन किया गया। जिसमें प्री स्कूलों के शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी हायिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

# शराब पीने पर 20 हजार, बनाने पर 10 हजार जुर्माना

जानकारी देने वाले को 5 हजार का ईनाम

सिंगारपुर की महिलाओं ने उठाया शराबबंदी का बीड़ा

कड़े जुर्माने का प्रस्ताव पारित, ग्राम में पूर्ण शराबबंदी लागू






**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड मोहगांव के ग्राम पंचायत सिंगारपुर की महिलाओं ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। महिलाओं के नेतृत्व में गांव में एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस बैठक में महिला, पुरुष, नवयुवक सहित सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया और गांव को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर अपनी सहमति जताई।

जानकारी अनुसार सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के तहत अब ग्राम सिंगारपुर में शराब पीने या नशे का सेवन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर 20 हजार रुपये का कड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं गांव में अवैध रूप से शराब बनाने या बेचने वाले किसी भी व्यक्ति पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक प्रोत्साहन राशि भी तय की गई है। प्रस्ताव के अनुसार शराब से जुड़ी कोई भी जानकारी या शिकायत देने वाले व्यक्ति को 5 हजार रुपये का नगद इनाम दिया जाएगा।

बैठक के बाद संपूर्ण ग्राम में नशा मुक्ति अभियान के समर्थन में एक विशाल रैली भी निकाली गई। इस रैली में गांव की महिला शक्ति, युवा वर्ग और छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस सामाजिक बुराई को खत्म करने का सामूहिक संकल्प लिया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक बुराइयों को दूर करने की दिशा में सिंगारपुर ग्राम के सामूहिक इरादे की अच्छी पहल है। इस पहल से अन्य ग्रामों में भी जागरूकता बढ़ेगी।

## 7 ट्रैक्टर चालकों पर 35 हजार का चालान



**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** यातायात नियमों के उल्लंघन पर मंडला पुलिस लगातार सख्ती बरत रही है। इसी क्रम में थाना महाराजपुर पुलिस टीम ने नो-एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों के विरुद्ध बड़ी चालानी कार्रवाई की। इन सभी चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कुल 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मंडला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने नो-एंट्री का उल्लंघन करते हुए शहर में प्रवेश कर रही सात ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोका और उन पर नियमानुसार चालान किया। बताया गया कि ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 6836, एमपी 51 जेडए 7599, एमपी 51 एए 7428, एमपी 51 जेडबी 0747, एमपी 51 जेडए 2028, एमपी 51 जी 1051, एमपी 51 एए 6051 के वाहन चालको के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा के तहत चालानी कार्यवाही की है।

## एसपी ने स्कूली बच्चों को सिखाए ऑनलाइन से सुरक्षित रहने के गुर

ऑनलाइन फ्रॉड और ओटीपी स्कैम से बचें, ज्ञानदीप स्कूल में पुलिस ने चलाया विशेष साइबर जागरूकता अभियान



**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** मंडला पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए एक विशेष साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। एसपी ने चेतावनी दी कि थोड़ी सी लापरवाही बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सोच-समझकर करें, यही आपकी सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल है।

एसपी रजत सकलेचा ने छात्रों को ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी स्कैम, फेक लिंक और लॉटरी जैसे लालचों से बचने की विशेष सलाह दी। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर अपराध या धोखाधड़ी की शिकायत को तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराया जा सकता है। जागरूकता कार्यक्रम मंडला जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर चलाए जा रहे है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित करना है। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी आरती टेकाम, प्रधान आरक्षक तोप सिंह, महिला प्रधान आरक्षक कुसुम रजक, हेमा उईके, प्राचार्य दिनेश दुबे और रफीक खान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## हिंदू समाज संगठित हो तो देश पुन: प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा : प्रेमशंकर सिदार

आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंडला में निकला अनुशासित पथ संचलन, पुष्प वर्षाकर किया गया स्वागत





**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को मंडला में विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक शस्त्र पूजन के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। प्रेमशंकर सिदार ने अपने उद्बोधन का मुख्य बिंदु समाज के संगठन और जागरण को बनाया। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज यदि संगठित होगा, तो देश पुनः अपनी खोई प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा।

उन्होंने लोकशक्ति और सज्जन शक्ति के जागरण पर जोर देते हुए कहा कि वास्तविक विकास वही देश करता है जो सरकार पर निर्भर न रहकर अपनी जीवनी शक्ति को जागृत करता है। उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और पन्ना धाय जैसे ऐतिहासिक वीरों के जीवन को प्रेरणा स्त्रोत बताया। शस्त्र पूजन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सह क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार ने कहा कि यह बुराइयों पर विजय पाने के लिए आंतरिक शक्ति के संवर्धन का प्रतीक है। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को समाज समरसता और संगठन का प्रतीक बताया और नागरिकों से संयुक्त परिवार प्रणाली, स्वदेशी अपनाने और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता के उद्बोधन के बाद गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख मार्गों से अनुशासित और लयबद्ध पथ संचलन किया। संचलन के दौरान नगरवासियों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया, जिससे सम्पूर्ण नगर राष्ट्र भक्ति के रंग में रंग गया।

## यात्री वाहनों में सफर कर रहे बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

नारायणगंज सीएचसी के कर्मचारियों की पहल





**नारायणगंज 13 अक्टूबर नभाप्र.** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मुख्य बस स्टैंड पर एक सराहनीय और अनूठी पहल की है। कर्मचारियों ने न सिर्फ स्टैंड के पास रहने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए यात्री वाहनों में भी जाकर उसमें यात्रा कर रहे यात्रियों के साथ जा रहे 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई। जानकारी अनुसार नारायणगंज मुख्यालय स्थित मुख्य बस स्टैंड पर बनाए गए पोलियो बूथ में दल क्रमांक एक ने दो दिनों तक अपनी सेवाएं दीं। इस सक्रियता और समर्पण के परिणामस्वरूप बस स्टैंड में करीब 160 से अधिक बच्चों को सफलतापूर्वक पोलियो की दवा पिलाई गई। सीएचसी के कर्मचारियों की इस पहल का उद्देश्य यह था कि यात्रा कर रहे बच्चे भी इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बन सकें और सरकार की पोलियो उन्मूलन की मंशा पूरी हो सके। दल क्रमांक एक के सदस्य रोहित शर्मा, दुर्गेश सिंगरौरे और अंकित यादव ने बूथ पर अपनी सेवाएं देकर इस सफलता को हासिल किया। उनकी इस लगन ने बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को मजबूत किया है।

## फ्रिज के नीचे चेंबर से 8 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त, महिला गिरफ्तार



**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मंडला में अवैध मदिरा के संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में एक घर से 68.76 लीटर अवैध विदेशी शराब की आठ पेटियां जब्त की गईं, जिसकी अनुमानित कीमत 71 हजार 780 रूपए है।

बताया गया कि जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में विभाग को सिद्ध टेकरी कॉलोनी रोड पर अवैध मदिरा के बड़े भंडार की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने संबंधित घर की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान आबकारी दल को रसोई में रखे फ्रिज के नीचे बने एक गुप्त चेंबर में अवैध शराब छिपी मिली। बताया गया कि चेंबर से विभिन्न ब्रांड की विदेशी मदिरा की कुल 8 पेटियां बरामद की गईं। इसमें मुख्य रूप से मैकडॉवेल्स व्हिस्की की 05 पेटियां, मैकडॉवेल्स रम की 02 पेटियां और गोआ व्हिस्की की 01 प्लास्टिक बोरी शामिल है। आरोपी के घर से 68.76 लीटर मदिरा जब्त की गई। मौके पर मौजूद आरोपी महिला गोदावरी यादव को धारण क्षमता से अधिक मात्रा में अवैध मदिरा रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इस कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी, विजय कमलेश, महेश पटेल, प्रिया नायडू, नेतराम ककोटिया, सत्यपाल मरावी उपस्थित रहे।

## मंडला के मुख्य मार्गों और बाजारों में अतिरिक्त बल करें तैनात

एसपी ने जाम रोकने, पार्किंग और वैकल्पिक मार्गों पर दिया ध्यान, यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए सख्त निर्देश



**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** आगामी त्योहारों के कारण जिले में बढ़ने वाले यातायात दबाव और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा ने यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर उसे दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

बताया गया कि मंडला पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। इनमें अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक पॉइंट्स बढ़ाना, सुचारु पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करना और आवश्यकता पड़ने पर यातायात के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना शामिल है। व्यवस्था को सुचारु बनाने के साथ ही एसपी ने नागरिकों की सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया। दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने और नशे में वाहन न चलाने के प्रति सतर्क किया गया है।

## मिट्टी के निर्मित सजावटी उत्पादों पर कर वसूली नहीं होगी

**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार दीपावली पर्व के अवसर पर जिला मंडला के माटीशिल्पियों द्वारा निर्मित मिट्टी की मूर्तियाँ, खिलौने, दीपक, मटका तथा मिट्टी के निर्मित सजावटी सामान, उत्पादों पर किसी भी प्रकार का कर वसूली या शुल्क नहीं लिया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में उचित स्थान निःशुल्क उपलब्ध कराया जावे ताकि जिले के माटीशिल्पियों को प्रोत्साहन मिल सके। आदेश की अवहेलना करते पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## ई-अटेंडेंस का विरोध तेज : 15 अक्टूबर को सीएम के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

ई-अटेंडेंस व्यवस्था थोपने के खिलाफ एकजुट हुए शिक्षक संगठन

**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** मध्यप्रदेश के शिक्षकों में एक बार फिर ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के विभाग के निर्देश को लेकर गहरा असंतोष है। विभिन्न शिक्षक संगठनों ने इस व्यवस्था को अपमानजनक बताते हुए इसके विरोध में 15 अक्टूबर को एकजुट होकर रैली निकालने और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

शिक्षकों का आरोप है कि शासन-प्रशासन उनकी मूलभूत आवश्यकताओं और अधिकारों को दरकिनार कर रहा है, जबकि बार-बार नए नियम बनाकर उन्हें उलझाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध का मुख्य कारण ई-अटेंडेंस व्यवस्था है, जिसे शिक्षा विभाग और ट्रायबल विभाग ने हाल ही में लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इस व्यवस्था को अपमानजनक मानते हुए लागू नहीं किया था, लेकिन अब इसे शिक्षकों पर जबरन थोपा जा रहा है। ई-अटेंडेंस के विरोध में मप्र के लगभग सभी शिक्षक संगठन एकजुट हुए हैं। विरोध प्रदर्शन का आयोजन 15 अक्टूबर को शाम पांच बजे बैगा बैगी चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली के रूप में किया जाएगा, जिसके बाद कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

एनएमओपीएस के प्रांतीय अध्यक्ष परमानन्द डेहरिया और एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डीके सिंगौर के मार्गदर्शन में होने वाले इस विरोध में ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप मरावी, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला, एनएमओपीएस के जिलाध्यक्ष सनातन सैनी, अपाक्स संघ के जिलाध्यक्ष संजीव सोनी, मध्यप्रदेश लिपिक संघ जिलाध्यक्ष सतीष चन्द्रोल, आदर्श गुरुजी संघ जिलाध्यक्ष श्याम बैरागी और आजाक्स जिलाध्यक्ष गजराज मरावी सहित आकास जिला उपाध्यक्ष अनिल मरकाम ने जिले के सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे संघवाद से ऊपर उठकर शिक्षकों के हित में आयोजित इस रैली और ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल हों।

खुशियों की दास्तां

स्वावलंबन की ओर प्रेरणादायी कदम

# स्व-सहायता समूह से मिली नई उड़ान, आत्मनिर्भर बनी दिव्या ठाकुर



**मंडला 13 अक्टूबर नभाप्र.** मजबूत इच्छाशक्ति हो तो अपने जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। इसी युक्ति को साकार कर रही स्व-सहायता समूह की बहनों ने जिले में अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। इसी तरह का अनुकरणीय उदाहरण हैं ग्राम खड़देवरा निवासी दिव्या ठाकुर। दिव्या ठाकुर मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के वैष्णवी महिला आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़कर आज आत्मनिर्भर महिला बन चुकी हैं। उनका जीवन उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। दिव्या ठाकुर कहती है कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पहले अपने गाँव में केवल एक गृहणी की भूमिका निभाती थी, जिससे उनके घर में अक्सर आय की कमी बनी रहती थी। वे कहती है कि उनके परिवार में कुल 4 सदस्य है। पति दुकान में काम करते है। यहां से मिलने वाली आय से उनके परिवार के बेहतर जीवन स्तर के सपने को साकार करना मुश्किल था। दिव्या ठाकुर के जीवन में मोड़ तब आया, जब उन्होंने स्व-सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने सबसे पहले सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया और एक आजीविका गतिविधि की शुरुआत की। जिसने उनकी आमदनी की राह बनने लगी। उन्हें ग्राम संगठन के माध्यम से सामुदायिक निवेश राशि के तहत 1 लाख का ऋण प्राप्त हुआ जिससे किराना दुकान खोली।

### व्यवसाय में विस्तार और आय में वृद्धि

दिव्या ने कड़ी मेहनत और लगन से अपनी दुकान के सामान की विविधता और मात्रा को धीरे-धीरे बढ़ाया। उनके प्रयास रंग लाए और उनकी दुकान अधिक सफल हो गई। इस सफलता ने उन्हें और अधिक आत्मविश्वास दिया। अपनी किराना दुकान की कमाई से उन्होंने एक और साहसिक कदम उठाया और स्वयं का ब्यूटी पार्लर का कार्य भी प्रारंभ किया, जिससे उनकी आय के स्त्रोत और बढ़ गए।

### सफलता और परिवार के जीवन स्तर में सुधार

दिव्या एक सफल उद्यमी हैं। वह अपनी किराना दुकान से लगभग 15 हजार रूपए प्रति माह कमा रही हैं। उन्हें अपने परिवार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। आज दिव्या ठाकुर न केवल अपने परिवार की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभा रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। उनकी मेहनत और आत्मविश्वास से यह साबित होता है कि अवसर और सही मार्गदर्शन मिलने पर महिलाएँ हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं।

